मुरली वाले श्याम तुमको आना होगा

मुरली वाले श्याम तुमको आना होगा,
मुरली वाले श्याम, तुमको आना होगा,
भगतों को दर्श, दिखाना होगा,
राधे रानी को भी, संग में लाना होगा,
मुरली वाले श्याम, तुमको आना होगा,
भगतों को दर्श, दिखाना होगा………

फूलों के आसन पे, तुमको बिठायेंगे,
माखन मिश्री का, भोग लगायेंगे,
आकर के भोग, लगाना होगा,
भक्तों को दर्श, दिखाना होगा,
मुरली वाले श्याम, तुमको आना होगा,
भगतों को दर्श, दिखाना होगा………

दर्शन को तेरे कान्हाँ तरसे है अखियां,
याद में तेरे मोहन, बरसे है अखियां,
भक्तों का मान, बढ़ाना होगा,
भक्तों को दर्श, दिखाना होगा,
मुरली वाले श्याम, तुमको आना होगा,
भगतों को दर्श, दिखाना होगा.......

मीठी तेरी बंसी आके, हमको सुना दे,
मोहनी सूरत तेरी, हमको दिखा दे,
अमृत रस, बरसाना होगा,
भक्तों को दर्श, दिखाना होगा,
मुरली वाले श्याम, तुमको आना होगा,
भगतों को दर्श, दिखाना होगा……….

राधे रानी को भी, संग में लाना होगा,
मुरली वाले श्याम, तुमको आना होगा,
भक्तों को दरश, दिखाना होगा……….

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23222/title/murali-wale-shyam-tumko-aana-hoga

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |